सार-समाचार

पोषण दिवस का किया निरीक्षण

राजसमंद, (निसं)। गर्भवती महिलाओं, शिशुओं एवं किशोरीयों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उनके घर के पास उपलब्ध करवाने के लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित किए जा रहे मातृ शिशु स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस का सीएमएचओ डॉ हेमन्त कुमार बिन्दल ने सेमल में औचक निरीक्षण किया तथा चिकित्सा अधिकारी एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ता के साथ ही वहां उपस्थित आशा सहयोगिनियों को गुणवत्तापूर्ण सेवाओं के लिए आवश्यक दिशा- निर्देश दिए। उन्होंने चिकित्सा संस्थान के आसपास साफ-सफाई रखने के लिए विशेष दिशा -निर्देश दिए तथा तत्काल संस्थान परिसर के आस पास में स्वच्छता के लिए कहा। उन्होंने चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ नीरज यादव से आयुष्मान कार्ड के वितरण एवं ई-केवाईसी कार्य को लेकर आवश्यक जानकारी ली तथा आयुष्मान कार्ड का वितरण शत प्रतिशत करने तथा ई- केवाईसी का कार्य शीघ्र पूरा करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं से ग्राम पंचायत मुख्यालय के साथ ही फलो एवं भागलों जैसे दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्र में नियमित भ्रमण कर वहां ग्रामीणों को विभाग अन्तर्गत संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने सेमल गांव में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन एवं देलवाडा खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय भवन निर्माण के लिए चयन की गई भूमि का भी मौका निरीक्षण किया।

कंटेनर से शराब बरामद

डूंगरपुर, (निसं)। बिछीवाड़ा पुलिस ने विधानसभा उपचुनाव में बडी कार्रवाई करते हुए 10 लाख की कीमत की शराब का अवैध परिवहन करते हुए एक कंटेनर को जब्त किया। रतनपुर बार्डर पर पुलिस को मुखबीर से मिली सूचना पर नाकाबंदी के दौरान एक कंटेनर को जब्त किया है। पुलिस द्वारा तलाशी के दौरान कंटेनर से राजस्थान निर्मित 205 कार्टन शराब बरामद की है। पुलिस ने चालक को भी गिरफ्तार कर मामला दर्ज किया है।बिछीवाड़ा थानाधिकारी कैलाश सोनी ने बताया कि पुलिस को मुखबीर से मिली सूचना के आधार पर रतनपुर चौकी पर नाकाबंदी कर वाहनों की तलाशी की जा रही थी। नेशनल हाईवे 48 पर अहमदाबाद जाने वाले मार्ग पर एक कंटेनर को रोक कर कंटेनर चालक सांचौर निवासी रमेशकुमार पुत्र ईशारा राम से प्रारंभिक पूछताछ में बंद बॉडी कंटेनर में कुरियर का सामान होने की जानकारी पर पुलिस द्वारा कंटेनर की तलाशी लेने पर उसमें राजस्थान निर्मित अलग-अलग ब्रांड की शराब भरी हुई पाई गई। शराब की गिनती करने पर कुल 205 कार्टन शराब कार्टन बरामद किए।

इनामी अपराधी गिरफ्तार

डूंगरपुर, (निसं)। कोतवाली पुलिस ने नाबलिग पीडिता को पत्नी बनाने की नियत से अपहरण कर दुष्कर्म करने की घटना में वांछित टॉप टेन तीन हजार रुपए का इनामी आरोपी को गुरूवार को गिरफ्तार कियाहै।थानाधिकारी भगवानलाल ने बताया कि प्रार्थी ने थाने में लिखित रिपोर्ट देकर बताया कि 8 मार्च 2024 को मेरी पुत्र वधु एवं मेरी पुत्री दोनो घर से सुबह 10 अस्पताल जाने के लिए निकले थे। जहां से लौटते समय अस्पताल के बाहर मोटर साइकल आए एक लडके ने उसके पुत्री को बैठकार अपने साथ ले गए की रिपोर्ट पेश थी। पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए गूमशुदा नाबालिग लडकी को दस्तायाब कर अनुसंधान कर नाबालिग पीडिता को पत्नी बनाने नियत से अपहरण कर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को नामजद कर थाने की विशेष टीम के द्वारा आरोपी देवल फला फेरा निवासी जीवराज उर्फ जीवा पुत्र भेरा फेरा मीणा को गिरफ्तार कर अनुसंधान जारी है।

कार से ढाई लाख रुपए जब्त

डूंगरपुर, (निसं)। जिले में आगामी उपचुनाव के मद्देनजर आचार संहिता के तहत प्रभावी कार्यवाही करते हुए जिले की धंबोला पुलिस ने मांडली चौक पोस्ट पर कार से 2.50 लाख रुपए जब्त किए है। थानाधिकारी रिजवान खान ने बताया कि एफएसटी व मांडली चैक पोस्ट टीम ने उपचुनाव के मध्यनजर देखते हुए नाकाबंदी के दौरान एक कार आते हुए दिखाई दी। जिसके रूकवार चालक का नाम पता पूछने पर अहमदाबाद गुजरात निवासी चेतन पुत्र सुरेश भाई वाघेला होना बताया। पुलिस टीम के द्वारा कार की तलाशी के दौरान चालक के पास से 2.50 रुपए की नगदी मिली। चालक द्वारा रुपए संबंधित कोई वैध कागजात नहीं होने पर नगदी को जब्त कर मामले अग्रीम कार्यवाही जारी की।

नंद किशोर टेलर को सदस्यता दिलाई

कपासन, (निसं)। भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल कपासन में सक्रिय सदस्यता कार्यक्रम हुआ। मंडल महामंत्री एवं सक्रिय सदस्यता संयोजक सोहनलाल खटीक ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी के चल रहे सदस्यता अभियान के अंतर्गत जिन सदस्यों ने पात्र संख्या में प्राथमिक सदस्य बनाएं एवं जो पार्टी की रिति नीति अनुसार पूर्ण निष्ठा के साथ कार्य करते हैं उनको सक्रिय सदस्य बनाया गया। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष ने वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता नंद किशोर टेलर को सक्रिय सदस्यता दिलाई। इस दौरान नगर मंडल अध्यक्ष पंकज सिरोया, मंडल महामंत्री एवं पार्षद अशोक विजयवर्गीय, महामंत्री गजेंद्र बाघमार, उपाध्यक्ष चेतन शर्मा चेयरमैन प्रतिनिधि आशीष सोनी, जिला एस सी मोर्चा संयोजक भागीरथ चंदेल आदि उपस्थित रहे।

विकलांगता निवारण शिविर कल

राजसमंद, (निसं)। जिला मुख्यालय पर भगवान महावीर विकलांग सेवा समिति, महावीर इंटरनेशनल एवं जिला अस्पताल के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को विकलांगता निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में कटे पांव वाले दिव्यांगों को जयपुर फुट (कृत्रिम पैर), ट्राईसाइकिल, बैसाखी आदि उपकरण निःशुल्क उपलब्ध कराए जायेंगे। इसके लिए विकलांग प्रमाण पत्र, फोटो, आधार कार्ड, यूडीआईडी प्रमाण पत्र आदि दस्तावेज लाना जरूरी है। शिविर प्रभारी महेश पगारिया ने बताया कि गत माह आयोजित शिविर में दो दिव्यांगजनों के जयपुर फुट बनाए गए।

बीएपी प्रदेश प्रभारी के होटल से अवैध शराब बरामद

डूंगरपुर, (निसं)। जिले की कोतवाली पुलिस ने बीएपी नेता के होटल पर छापेमारी कर अवैध शराब बरामद की। पुलिस ने बीएपी के प्रदेश प्रभारी सामान्य वर्ग दिग्विजय सिंह के होटल पर छापेमारी में अवैध शराब बरामद की है। होटल पर ग्राहकों को बैठाकर शराब परोसी जा रही थी। पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जबकि थाने के हिस्ट्रीशीटर प्रदेश प्रभारी दिग्विजयसिंह की तलाश की जा रही है।इस अवसर पर कोतवाली थानाधिकारी भगवान लाल ने बताया कि चौरासी विधानसभा उपचुनाव को लेकर अवैध शराब पर अंकुश लगाने कार्रवाई की जा रही है। इसी के तहत पुलिस को सूचना मिली कि अस्पताल रोड पर होटल हवेली में ग्राहकों को बैठाकर शराब परोसी जा रही है।

इस पर थानाधिकारी भगवानलाल के साथ एसआई अमृतलाल, हेड कॉन्स्टेबल मोहनलाल सिंह, तेजबहादुर सिंह, जितेंद्र सिंह, पंकज की टीम ने लक्ष्मीनगर कॉलोनी में स्थित होटल हवेली पर छापेमारी की। इस दौरान होटल पर ग्राहकों को बैठाकर शराब पिलाई जा रही थी।



पुलिस ने बीएपी प्रदेश प्रभारी के होटल से अवैध शराब बरामद कर तीन आरापियों को गिरफ्तार किया।

पुलिस की कार्रवाई से हडकंप मच गया। तलाशी के दौरान होटल से 3 कार्टन बियर, अंग्रेजी शराब के 34 पव्वे बरामद किए हैं।

होटल पर शराब को लेकर कोई लाइसेंस भी नहीं था।पुलिस ने आरोपी गजेंद्र सिंह पुत्र कुबेर सिंह शक्तावत राजपूत निवासी चंदोडा थाना सेमारी सलूंबर, किरण पुत्र लक्ष्मण गरासिया निवासी साबली थाना बिछीवाडा, बाबूलाल पुत्र मानसिंह हरमोर मीणा निवासी पालसेपुर थाना सराडा सलूंबर को गिरफ्तार कियाहै। वहीं मामले में आरोपी होटल मालिक दिग्विजयसिंह पुत्र महेंद्रसिंह राजपूत निवासी करेलिया दोवडा की तलाश की जा रही है। दिग्विजय सिंह कोतवाली थाने का हिस्ट्रीशीटर भी है।

बैठक आयोजित

बांसवाड़ा, (निसं)।आगामी 24 नवंबर को आयोजित की जाने वाली आरक्षण महारैली को सफल बनाने के लिये विट्ठलदेव मंदिर परिसर में महानरेगा मजदूर संघ, मिड-डे-मील रसोइया संघ एवं मजदूर संघ के पदाधिकारियों की बैठक हुई। बैठक में मंच के केन्द्रिय कमेटी के सलाहकार कमलकांत कटारा ने बताया कि कोटे में कोटा जनसंख्या के अनुपात में आरक्षण व पात्रता मापदंडों में पूर्ण छूट की तीन सूत्री मांगों को लेकर संभाग मुख्यालय पर प्रदेश स्तरीय महारैली में सबकी भागीदारी आवश्यक है।

भजनों की प्रस्तुतियां दी

राजसमंद, (निसं)। जिला मुख्यालय पर कांकरोली स्थित शांति कोलोनी में बुधवार को एक शाम राठौडी राजा के नाम भजन संध्या का आयोजन किया गया। राठौडी राजा मित्र मंडल की ओर से आयोजित भजन संध्या में भजन गायक कलाकार शंभू धनगर, नरेश राव, ललितसिंह एवं पुष्प रामावत वैष्णव ने विभिन्न धार्मिक भजनों की प्रस्तुतियां देकर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

गायक कलाकार शंभू धनगर ने महाराज गजानंद आओ म्हारी सभा में रंग बरसाओ के साथ गणेश वंदना से कार्यक्रम का आगाज किया। उन्होंने बडे अलग ही अंदाज में गाई गुरु वंदना का गायन किया तो शुरुआती दौर में ही भजनों का रस जम गया। उन्होंने ने राडाजी सरकार..., फूलडा ले आया मालीडा के म्हारे घर आवेला भगवान..., की प्रस्तुति दी तो मौजूद भक्तों ने भाव नृत्य कर अपनी हाजरी दी। इस दौरान पूरे मंदिर परिसर को आकर्षक फूलों ओर दूधियां रोशनी से सजाया गया। भोपाजी अंशुल जैन ने प्रतिमा को श्रृंगार धराकर भोग धराया। इस दौरान अर्द्ध रात्रि में महा आरती उतारी। पुष्प रामावत वैष्णव ने सांवरिया सेठ का गुणगान करते हुए म्हारा सांवरिया सिरमौर थारा बंद दरवाजा खोल..., साथ ही कलाकार शंभू धनगर ने भेरूजी कटे सुता ओ सुख भर नींद, थारा भोपा ने डस गयो कालों नाग..., पेली तो सिमरू देवी शारदा, माताजी ओर भेरूजी की महिमा का बखान किया। इस दौरान भेरूजी माताजी की सामूहिक झांकी का मंचन किया गया।

आर्टिफिशियल लिम्ब्स मैन्युफैक्चरिंग कारपोरेशन ऑफ इंडिया व विद्यापीठ के बीच एम. ओ. यू.

उदयपुर, (कासं)। जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ के श्रमजीवी सांयकालीन महाविद्यालय के डिपार्टमेंट ऑफ रिहेबिलिटेशन साइंसेज मेंसामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग , भारत सरकार द्वारा संचालित " प्रधानमंत्री दिव्याशा केंद्र " की स्थापना की जा रही है।

इसके लिये आर्टिफिशियल लिम्ब्स मैन्युफैक्चरिंग कारपोरेशन ऑफ इंडिया एवं राजस्थान विद्यापीठ के बीच एम. ओ. यू. साइन किया गया जिसमें प्रमुख रूप से राजस्थान विद्यापीठ के कुलपति

- **राठौड़ ने कहा कि 5 वर्षों में राजस्थान की अर्थव्यवस्था 350 बिलियन डॉलर होगी**

प्रो. कर्नल एस.एस. सारंगदेवोत, के मैनेजर हरीश कुमार , डिप्टी मैनेजर मृणाल कुमार , असिस्टेंट मैनेजर ललित कुमार, विद्यापीठ के कुलसचिव डॉ. तरूण श्रीमाली, संयोजक व अधिष्ठाता डॉ. एस. बी. नागर आदि उपस्थित रहे। आर्टिफिशियल लिम्ब्स मैन्युफैक्चरिंग कारपोरेशन ऑफ इंडिया द्वारा उपयोग के लिए तैयार व्हील चेयर, ट्राई साइकल, स्मार्ट फोन , आर्टिफिशियल लिम्ब ,ब्रेशेज ,कान की मशीन व दिव्यांग जन की आवश्यकता अनुसार अन्य उपकरण उपलब्ध करवाए जाएंगे जिनको भारत सरकार की व वयो श्री योजना के तहत प्रतिदिन क्षैत्र के पात्र दिव्यांग जन एवं वरिष्ठ नागरिक जन को निःशुल्क वितरित किये जाएंगे।इस अवसर पर कुलपति प्रो. कर्नल एस. एस. सारंगदेवोत ने कहा कि प्रधानमंत्री दिव्याशा केंद्र (पीएमडीके) एक समर्पित पहल है जिसका उद्देश्य दिव्यांग व्यक्तियों, दृष्टिबाधित व्यक्तियों को सशक्त बनाना है।यह देहरादून में राष्ट्रीय दृष्टि दिव्यांगजन सशक्तिकरण संस्थान (एनआईईपीवीडी) में स्थित है। यह देहरादून में दृष्टि दिव्यांगजन सशक्तिकरण संस्थान (एनआईईपीवीडी) में स्थित है।इस अवसर पर विद्यापीठ के निदेशक डॉ. युवराज सिंह , परीक्षा नियंत्रक डॉ. पारस जैन, डॉ सुनीता मुर्डिया, डॉ. मंगलश्री दुलावत, डॉ. हेमन्त साहू आदि उपस्थित रहे।

आर्टिफिशियल लिम्ब्स मैन्युफैक्चरिंग कारपोरेशन ऑफ इंडिया व विद्यापीठ के बीच एम. ओ. यू. हुआ।

सार-समाचार

प्रतिनिधिमंडल ने प्रभारी मंत्री से भेंट की

डूंगरपुर, (निसं)। चेम्बर्स ऑफ कॉमर्स के जिला महामंत्री प्रभुलाल पटेल और सुबोध जैन के नेतृत्व में 150 व्यापारियों का प्रतिनिधि मंडल डूंगरपुर विधानसभा प्रत्याशी बंसीलाल कटारा के सानिध्य में प्रभारी मंत्री बाबूलाल खराड़ी से मिला। सर्वप्रथम चेंबर के जिला महामंत्री सुबोध जैन ने सभी व्यापारियों का परिचय करवाया।सर्राफा संघ के संरक्षक नारायण लाल श्रीमाल ने सर्राफा व्यवसायियों के साथ विगत तीन दिनों के घटना क्रम को विस्तार से प्रस्तुत किया।जिला महामंत्री प्रभुलाल पटेल ने कहा कि व्यापारियों के साथ दोवड़ा पुलिस थाने में अच्छा व्यवहार नहीं किया और उनकी प्रताड़ित किया। चैम्बर के सभी व्यापारियों ने एक स्वर में कहा कि हमारे व्यापारियों को जल्द से जल्द रिहा करवाए जाने की कार्य वाही की जावे साथ दोवड़ा थाने के एएसआई के खिलाफ कार्यवाही की जावे जिसने व्यापारियों के साथ मारपीट की और उनके साथ अनैतिक व्यवहार किया। विधानसभा प्रत्याशी बंसीलाल कटारा ने व्यापारियों के साथ किए गए दुर्व्यवहार के लिए दोवड़ा थानाधिकारी और एएसआई वल्लभराम पाटीदार को हटाने की बात मंत्री कही। इस अवसर पर समाज सेवी प्रकाश पंचाल ने कहा कि सर्राफा व्यवसायियों के साथ ऐसी घटनाएं पूर्व में हुई है। व्यवसायियों ने कहा बिना पूछताछ के व्यापारी को दुकान से पकड कर लेजाना और दुकान की चाबियां भी लेजाना ये केसा कानून है? ऐसा तो पहली बार हुआ। प्रभारी मंत्री बाबूलाल खराड़ी ने सभी व्यापारियों की वेदना सुनकर कहा कि आपके साथ सहजता से कार्यवाही होगी और व्यापारियों को जल्द से जल्द छुड़वाने में सहयोग किया जाएगा।इस अवसर पर समाज सेवी प्रकाश पंचाल,चेंबर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रोशन दोशी, पवन दोशी, राजेश जैन, सचिव रवि सेठा, राजेश गोठी, पंकज जैन, पंकज नवकार, प्रवीण श्रीमाल, सराफा संघ अध्यक्ष प्रदीप सरैया, अनिल जैन, केशू नागदा, निलेश सोनी, पदम कुमार जैन, गोपाल मराठा, हितेश दावड़ा, चंद्रेश सोनी, दिलीप सरैया, हितेश पंचाल, प्रदीप श्रीमाल एवं सर्राफा संघ के सभी व्यापारी, कपड़ा संघ के व्यापारी, किराना संघ के व्यापारी एवं चेंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारी उपस्थित हुए।

साप्ताहिक समीक्षा बैठक

बांसवाड़ा, (निसं)। कलक्टर डॉ. इन्द्रजीत यादव ने लक्ष्य के अनुरूप कम प्रगति वाले कार्यों पर फोकस करने के निर्देश देते हुए कहा कि इस दिशा में योजनाबद्ध रूप से कार्य संपादन किया जाना चाहिए। जिला कलक्ट्री सभाकक्ष में साप्ताहिक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए कलक्टर ने जन सुनवाई एवं सम्पर्क समाधान में लम्बित प्रकरणों के मामले में त्वरित गति से जांच कर अधिकाधिक मामलों के निस्तारण की कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन, रोड एवं रपट कार्यों की प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा करते हुए इन कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने नीति आयोग के आशान्वित ब्लॉक कार्यक्रम की चर्चा करते हुए कहा कि सज्जनगढ ब्लॉक में हुए कार्यों के अनुरूप ही अन्य ब्लॉक्स में रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन सुनिश्चित किया जाये। साथ ही 17 विभिन्न विभागीय अधिकारियों को धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान के आयोजन को लेकर जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग के अन्तर्गत आपसी समन्वय के साथ काम करने के निर्देश दिये। उन्होंने 20 सूत्री कार्यक्रम के तमाम बिन्दुओं में लक्ष्याधिक अर्जन के लिये निर्देशित किया। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर अभिषेक गोयल सहित विभिन्न विभागों के जिलास्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

अंग्रेजी शराब व बीयर जब्त

बांसवाड़ा, (निसं)। पुलिस महानिरीक्षक एस. परिमला एवं पुलिस अधीक्षक हर्षवर्धन अग्रवाला के निर्देशानुसार अंतर्राज्यीय सीमा पर नाकाबंदी व गश्त के दौरान मुखबीर की सूचना पर एक कार से अंग्रेजी शराब व बीयर जब्त की गयी। थानाधिकारी कपिल पाटीदार ने बताया कि उनके सुपरविजन में सहायक उपनिरीक्षक दिनेशचंद्र, कांस्टेबल नोमिल सिंह व महिपाल सिहं ने उच्चाधिकारियों के निर्देशानुसार मानगढ तिराहे गुजरात सीमा पर नाकाबंदी की थी। इस दौरान मुखबीर से सूचना मिली कि एक बिना नंबर की कार जो अंग्रेजी शराब से भरी हुई है फलवा की तरफ से आ रही है और गुजरात की तरफ जायेगी। जिस पर तिराहे से पूर्व पाडोला मोड पर नाकाबंदी की गयी। शाम लगभग साढे सात बजे एक बिना नंबर की कार आती हुई दिखाई दी। जिसे रुकवाया तो चालक ने कार भगाकर कुछ दूरी पर जाकर कार रोकी और अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकला। तलाशी में 44 पेटी अंग्रेजी शराब व 9 पेटी बीयर मिली। जिस पर फॉर सेल इन राजस्थान ऑनली लिखा था जिस पर उक्त शराब व बीयर जब्त की गयी। कार की तलाशी लेने पर कार का रजिस्ट्रेशन नंबर गुजरात का होना तथा चालक सीट के साईड वाली सीट के नीचे दो रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेटें मिली जिन पर गुजरात के नंबर अंकित थे। शराब व बीयर के परिवहन के संबंध में कोई अनुज्ञा पत्र नहीं मिला। पुलिस मामले में अनुसंधान कर रही है।

जागरूक मतदाता ही प्रगतिशील देश का निर्माता होता है : राठौड़

जयपुर (कासं)। विधानसभा में पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने गुरुवार को राजस्थान विधानसभा उपचुनाव 2024 के तहत सलूंबर विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी शांति देवी मीणा के समर्थन में जयसमंद (कल्ला जी विकास संस्थान) व सल्लाडा सहित विभिन्न स्थानों पर आयोजित जनसभाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज मतदाता सिर्फ मतदाता नहीं है। वह मत के निर्माता है। जागरूक मतदाता ही प्रगतिशील देश का निर्माता होता है और मतदाता की जागरूकता ही

- **राठौड़ ने कहा कि 5 वर्षों में राजस्थान की अर्थव्यवस्था 350 बिलियन डॉलर होगी**

देश को विकास की ओर अग्रसर करती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में हम निरंतर नई ऊंचाइयों को छू रहे हैं और विश्व पटल पर अपनी नई छाप छोड़ रहे हैं। आज हम विश्व की पांचवी से तीसरी अर्थव्यवस्था की ओर अग्रसर है। मोदी की गारंटी के परिणाम स्वरूप ही देश और प्रदेश में डबल इंजन की सरकार हैं। इसलिए इस विधानसभा उपचुनाव 2024 में सभी मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग कर एक सशक्त राष्ट्र का निर्माण करने और प्रदेश को विकास पथ की ओर अग्रसर करने में अपना योगदान दे।राठौड़ ने कहा कि आदिवासी समुदायों के सशक्तिकरण और समावेश की दिशा में मोदी सरकार ने अपने केन्द्रीय बजट 2024-25 में जनजातीय वर्ग के लिए 13 हजार करोड़ का प्रावधान किया है।

साथ ही प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान को भी मंजूरी दी। इस मिशन का लक्ष्य 79 हजार 156 करोड़ रुपये के बजट से आकांक्षी जिलों में 63,000 से अधिक जनजातीय गांवों को बेहतर बनाना है। इससे करीब 5 करोड़ से अधिक जनजातीय लोग लाभान्वित होंगे। मोदी सरकार अनुसूचित जनजाति वर्ग के उत्थान के लिए निरंतर प्रगतिशील है। राठौड़ ने कहा कि 5 वर्षों में राजस्थान की अर्थव्यवस्था 350 बिलियन डॉलर होगी यानी 17 हजार अरब की अर्थव्यवस्था को 29 हजार अरब की अर्थव्यवस्था बनेगी। वर्ष 2047 तक आत्मनिर्भर भारत व विकसित राजस्थान का सपना साकार होगा। डबल इंजन की सरकार की बदौलत ही आज राजस्थान में 18 लाख गरीबों को पक्के घर हो चुके हैं। हर घर स्वच्छ पेयजल के जरिए 25 लाख ग्रामीण घरों में 15 हजार करोड़ की लागत से जल पहुंचाने के कार्य किए जा रहे हैं।राठौड़ ने कहा कि मैं धोरो की धरती से आया हूं। मैं शेखावाटी से चलकर आया हूं। हम गहरा पानी पीते हैं और हम गहराई से बात भी करते हैं।

आज में जिस धरती पर खड़ा हूं कहते हैं यहां मान और मर्यादा की इतिहास छुपा हुआ है। यह वो धरती है या तप और तपस्या का इतिहास है। बलिदान का इतिहास है। इतिहासकार अचंभा करते हैं। "चुण्डावत मांगी सैनाणी, सिर काट दे दियो क्षत्राणी" की इस धरती के कण कण में गौरवशाली इतिहास की गाथाएं हैं।

राजेन्द्र राठौड़ ने सलूंबर में शांति देवी के चुनाव प्रचार की जनसभाओ को संबोधित किया।

साहित्यकार महेश को मिलेगा अखिल भारतीय पुरस्कार

बांसवाड़ा, (निसं)। साहित्यकार महेश पंचाल को अंतर्राष्ट्रीय साहित्यिक संस्थान कादंबरी द्वारा वर्ष 2024 का अखिल भारतीय स्तर का कादंबरी पुरस्कार किया जायेगा। आगामी 9 नवंबर को जबलपुर के शहीद स्मारक सभागार में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में देश के चयनित साहित्यकार एवं पत्रकारों को सम्मान प्रदान किये जायेंगे। कादंबरी संस्थान के अध्यक्ष आचार्य भागवत दुबे ने बताया कि 800 से अधिक प्रविष्टियों में से 118 का चयन विभिन्न पुरस्कारों के लिये किया गया है। संस्थान के महासचिव राजेश पाठक प्रवीण ने बताया कि गीत विधा में बांसवाडा से साहित्यकार महेश पांचाल माही के गीत संग्रह गंध-वासन्ती का चयन किया गया है जिसके तहत नगद राशि, शॉल, प्रतीक चिन्ह एवं सम्मान-पत्र प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुलाधिपति डॉ. संतोष चौबे भोपाल होंगे वहीं अध्यक्षता समाजसेवी उद्योगपतिडॉ. कैलाश गुप्ता करेंगे। सम्मानित होने वाले साहित्यकारों के परिचय स्मारिका का प्रकाशन भी किया जाएगा। साहित्यकार महेश पंचाल माही की प्रथम कृति गंध-वासन्ती को अखिल भारतीय स्तर पर प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय संस्थान द्वारा कादंबरी सम्मान के लिये नामित होने पर राष्ट्रीय काव्य-सुधा साहित्य परिवार, राष्ट्रीय कवि संगम एवं अभा साहित्य परिषद की स्थानीय इकाई के साहित्यकारों ने हर्ष व्यक्त किया।

न्यायाधीश ने जिला कारागृह की जांची व्यवस्थाएं

जिला कारागृह के निरीक्षण के दौरान बंदियों के भोजन व्यवस्था के संबंध में जानकारियां लेते जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष अरूण कुमार अग्रवाल व सचिव कौशल सिंह।

बांसवाड़ा, (निसं)। जिला एवं सत्र न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अरूण कुमार अग्रवाल तथा प्राधिकरण सचिव कौशल सिंह ने जिला कारागृह का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला कारागृह में समस्त बैरको, भोजनशाला, महिला बैरक, शौचालय व स्नानघर में साफ-सफाई आदि व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गई।

जिला न्यायाधीश अरूण कुमार ने पाया कि कारागृह में प्रातरू नाश्ते दोपहर व सायं को भोजन की उचित व्यवस्था है। जिला कारागृह में डिस्पेन्सरी संचालित है जहां बंदियों को सामान्य रोग के लिये उपचार व दवाईयां उपलब्ध करवाई जाती है। निरीक्षण के दौरान जिला कारागृह में कारागृह प्रशासन की ओर से 312 बंदी जिनमें 300 पुरूष, 12 महिला मय 3 बच्चे उपस्थित होना जाहिर किया गया जिनमें 300 विचाराधीन व 12 सजायाफ्ता बंदी है। प्राधिकरण सचिव ने बंदियों से उनके प्रकरणों में अधिवक्ता नियुक्त होने अथवा नहीं होने के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त कर उनको निरूशुल्क विधिक सहायता एवं उनके विधिक अधिकारों के बारे में जानकारी दी। सचिव सिंह ने निरूशुल्क विधिक सहायता की आवश्यकता होने पर प्रार्थना पत्र के जरिये जिला कारागृह कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को प्रेषित करने के संबंध में भी जानकारी दी। अग्रवाला एवं सिंह ने निरीक्षण के दौरान महिला बैरक में निरूद्ध 12 महिला बंदियों से भी संवाद करते हुए किसी प्रकार की समस्या होने के संबंध में जानकारी ली जिस पर महिला बंदियों ने कारागृह में उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं के संबंध में संतोष जाहिर किया। जिला न्यायाधीश ने निरीक्षण के दौरान बंदियों की समस्याओं को सुना गया।